This question paper contains 8 printed pages]

आपका अनुक्रमांक................

**103**

**B.Com. (बी.कॉम.)/I Sem. B**

Paper CP1.4—HINDI LANGUAGE (A)

प्रश्न-पत्र CP1.4—हिन्दी भाषा (क)

(प्रवेश वर्ष 2011 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×3=9

(क) सुखिया सब संसार है, खावै अरु सोवै।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरु रोवै॥
हिन्दू मूये राम कहि, मुसलमान खुदाइ।
कहै कबीर सो जीवता, दुई में कदे न जाइ॥

(*i*) कबीर के अनुसार खाने और सोने वाला सुखी व जागने और रोने वाला दुखी क्यों रहता है ?

(*ii*) कबीर के अनुसार दुइ का क्या अर्थ है ?

(*iii*) कबीर की भाषा की क्या विशेषता है ?

**अथवा**

(ख) सीस जटा, उर बाहु बिसाल,

बिलोचन लाल, तिरीछी सी भौंहें।

तून सरासन बान धरै,

तुलसी बन मारग में सुठि सोहैं।

सादर बारहिं बार सुभाय,

चितै तुम्ह त्यों हमरो मन मोहैं।

पूछति ग्रामवधू सिय सों,

"कहौ साँवरे से, सखि रावरो को हैं ?"

(i) 'सीस जटा, उर बाहु बिसाल' में तुलसीदास ने किसका चित्रण किया है ?

(ii) ग्रामवधुएँ सीता से क्या पूछती हैं ?

(iii) तून, सरासन, बिलोचन—इन शब्दों के अर्थ लिखिए।

2. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(*i*) अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नैकु सयानप बाँक नहीं।

तहाँ साँचे चले तजि आपनपौ झझकैं कपटी जे निसाँक नहीं।

घनआनंद प्यारे सुजान सुनौ इत एक तैं दूसरो आंक नहीं।

तुम कौन धौं पाटी पढ़े हो लला मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं।

**अथवा**

(*ii*) आशा आलोकित करती

मेरे जीवन के प्रतिक्षण।

हैं स्वर्ण सूत्र से वलयित

मेरे असफलता के घन।

सुख भरे सुनहले बादल

रहते हैं मुझको घेरे।

विश्वास प्रेम साहस हैं

जीवन के साथी मेरे।

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×3=9

(क) वह आ रहा है—क्या आप देख नहीं रहे ? कैसी आँखें हैं आपकी। शायद उन पर गेहूँ का मोटा पर्दा पड़ा हुआ है। पर्दे को हटाइये और देखिए वह अलौकिक, स्वर्गिक दृश्य इसी लोक में, अपनी इस मिट्टी की पृथ्वी पर ही ! "शौके दीदार अगर है, तो नज़र पैदा कर!"

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश में ये पंक्तियाँ किस निबंध से ली गई हैं ? लेखक का नाम भी बताइये।

(*ii*) गेहूँ किसका प्रतीक है ?

(*iii*) 'शौके दीदार अगर है, तो नज़र पैदा कर"—इसका अर्थ समझाइये।

**अथवा**

(ख) हाय रे, माता का हृदय । वे क्षण मात्र भी न सो सकीं........। आपको छेड़ती रहीं। उन्होंने आपको सोने न दिया और जब बातों ही बातों में मुझे यह ज्ञात

हुआ कि आपकी यह पुत्रवत्सलता ही है कि आप पंडितों के बीच मेरी निंदा कर मेरे गर्वांकुर को नष्ट करते हैं, मेरे अहंकार को दूर कर मेरी अधिकाधिक उन्नति चाहते हैं तो मुझ पर वज्रपात हुआ। मेरा सारा क्रोध पानी बनकर आँखों से अश्रुधारा के रूप में निकल पड़ा।

(*i*) भारवि की निंदा के पीछे उनके पिता का क्या उद्देश्य था ?

(*ii*) भारवि को अपने पिता पर क्रोध क्यों आता था ?

(*iii*) भारवि का क्रोध आँसुओं में क्यों वह गया ?

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) सोचता हूँ, लोग मेरे चरण अब क्यों छूने लगे हैं ? यह श्रद्धा एकाएक कैसे पैदा हो गई ? पिछले महीनों में मैंने ऐसा क्या कर डाला ? कोई खास लिखा नहीं है। कोई साधना नहीं की। समाज का कोई कल्याण भी नहीं किया। दाढ़ी नहीं बढ़ाई। भगवा भी नहीं पहना। बुजुर्गी भी कोई नहीं आई। लोग कहते हैं, ये वयोवृद्ध

हैं और चरण छू लेते हैं। वे अगर कमीने हुए तो उनके कमीनेपन की उम्र भी साठ सत्तर साल की हुई। लोग वयोवृद्ध कमीने के भी चरण छू लेते हैं।

**अथवा**

(ख) आनंदी ने हाथ से खड़ाऊँ रोकी, सिर बच गया; पर उँगली में बड़ी चोट आई। क्रोध के मारे हवा से हिलते हुए पत्ते की भाँति काँपती हुई अपने कमरे में आकर खड़ी हो गई। स्त्री का बल और साहस, मान और मर्यादा पति तक ही है। उसको अपने पति के ही बल और पुरुषत्व का घमंड होता है। आनंदी खून का घूँट पीकर रह गई।

5. (क) 'मधुप गुनगुनाकर रह जाता' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

(ख) सुभद्राकुमारी चौहान की कविता 'मेरा जीवन' का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। 8

6. (क) 'हार की जीत' कहानी का सार लिखते हुए लेखक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

(ख) 'आचरण की सभ्यता' निबंध का सार लिखकर मूल भाव स्पष्ट कीजिए। 7

7. (क) भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में हिन्दी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालिए। 5

**अथवा**

आधुनिक काल में खड़ी बोली के विकास का परिचय दीजिए।

(ख) टिप्पण के प्रकार और विशेषताएँ बताइये। 5

**अथवा**

प्रारूपण किसे कहते हैं ? अच्छे प्रारूपण की क्या विशेषताएँ हैं।

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दस** के हिन्दी में अर्थ लिखिए : 5

Estimate, Home delivery, Insurance, Capital, Deposit, Ownership, Payment, Valuation, Currency, Guarantee, Export, Amount, Discount, Deduction, Security.

(घ) कार्यालयी पत्रों के प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डालिये। 5

**अथवा**

किसी स्कूल में नौकरी के आवेदन के लिए एक प्रभावशाली स्ववृत्त (बायोडाटा) प्रस्तुत कीजिए।

8. (क) कोश की परिभाषा देकर उसके मुख्य प्रकारों के विषय में लिखिए। 5

**अथवा**

वर्णानुक्रमानुसार लिखिए—

सागर, कौरव, तुलसी, स्पष्ट, हिन्दी, शीर्षक, पूर्ण, बिन्दु, निर्धन, विश्व।

(ख) 'रोड रेज' **अथवा** 'दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा' पर संक्षिप्त लेख लिखिए। 5